
# The ACHIEVERS IAS ACADEMY

LANGUAGE -HINDI

# CURRENT AFFAIRS BOOSTER

02 – 05 – 2022

MONDAY



## 1 मई को विश्व स्तर पर मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस




प्रत्येक वर्ष 1 मई को विश्व स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय मज़दूर दिवस (International Labour Day) मनाया जाता है। इसे अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस और मई दिवस के रूप में भी जाना जाता है। श्रम के अधिकारों के बारे में जागरूकता फैलाने और उनकी उपलब्धियों को चिह्नित करने के लिए यह दिन मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य पूरी दुनिया में आर्थिक और सामाजिक अधिकारों को प्राप्त करने में श्रमिकों के बलिदान को श्रद्धांजलि देना है।

अंतर्राष्ट्रीय मज़दूर दिवस का इतिहास (History of International Labour Day):

यह सिलसिला सन् 1886 में शुरू हुआ जब 1 मई को संयुक्त राज्य अमेरिका में लोगों ने काम की अवधि को अधिकतम 8 घंटे प्रति दिन तय करने के लिए हड़ताल शुरू की। जल्द ही, 4 मई को शिकागो के हेमार्केट स्क्वायर (Haymarket Square of Chicago) में एक बम विस्फोट हुआ जिसमें कई लोग मारे गए और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना में मारे गए लोगों के संबंध में, समाजवादी अखिल-राष्ट्रीय संगठन (Socialist All-National Organization) ने 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस के रूप में मनाना शुरू किया। इस दिन के चलते दुनिया भर में श्रम कल्याण को भी बढ़ावा मिला।

**भारत में मज़दूर दिवस का इतिहास (History of labor day in india)**

भारत में, पहला मज़दूर दिवस या मई दिवस 1 मई, 1923 को लेबर किसान पार्टी ऑफ़ हिंदुस्तान (Labour Kisan Party of Hindustan) द्वारा मद्रास (अब जिसे चेन्नई के रूप में जाना जाता है) में मनाया गया था। पहली बार भारत में मज़दूर दिवस के प्रतीक के रूप में लाल झंडा इस्तेमाल किया गया था। हिंदी में, मज़दूर दिवस को कामगार दिन या अन्तरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस, मराठी में कामगार दिवस और तमिल में उज़ईपलार नाल के रूप में भी जाना जाता है।

## 2. मातृ दिवस 2022: जानें इतिहास और सेलिब्रेट करने के तरीक़े




**मातृ दिवस 2022 : -** माँ के अलग-अलग नाम होते हैं, जैसे मम्मी, मॉम, मम्मा, माता ; लेकिन हमारे जीवन में हर माँ की एक ही भूमिका होती है। वह हर परिवार की बुनियाद है। वह देख भाल करने वाली होती है और सभी को बिना शर्त प्यार देती है। माँ की परिभाषा हर व्यक्ति के लिए अलग हो सकती है, किसी के लिए वह एक देख भाल करने वाली हो सकती है, किसी के लिए वह सबसे अच्छी दोस्त हो सकती है और किसी के लिए वह सबसे अच्छी रसोइया हो सकती है। हम इस दुनिया में हर मां को कृतज्ञता और प्रशंसा देने के लिए मातृ दिवस मनाते हैं। एक माँ हम सब के लिए इतनी बड़ी प्रेरणा होती है कि माँ के प्रयासों की सराहना करने के लिए केवल एक दिन पर्याप्त नहीं होता है।

इस वर्ष मातृ दिवस 8 मई, 2022 को है। पहला मातृ दिवस वर्ष 1908 में अन्ना जार्विस द्वारा अपनी मां के लिए एक स्मारक के रूप में मनाया गया था। हर मां अपने बच्चों और परिवार द्वारा उसे समर्पित एक दिन की हकदार होती है। वह सभी को एक साथ रखने के लिए कड़ी मेहनत करती है और सभी को प्रोत्साहित करती है। मां को लेकर उत्सव मनाने के लिए सिर्फ़ एक दिन काफी नहीं है। मातृ

दिवस दुनिया भर में अपनी मां के लिए अपने प्यार का इजहार करके मनाया जाता है।

**मातृ दिवस का इतिहास (History of Mother's day)**

पहला मातृ दिवस 1908 में फिलाडेल्फिया के अन्ना जार्विस द्वारा मनाया गया था। 12 मई 1998 को, उन्होंने वेस्ट वर्जीनिया के ग्राफ्टन चर्च में अपनी दिवंगत मां के लिए एक स्मारक रखा था। एना जार्विस ने सभी सफेद कार्नेशन पहने थे, लेकिन जैसे-जैसे यह रिवाज विकसित हुआ, लोगों ने जीवित मां का प्रतिनिधित्व करने के लिए लाल या गुलाबी रंग के कार्नेशन्स पहनना शुरू कर दिया। लोगों ने अपनी मृत मां की स्मृति लिए सफेद कार्नेशन्स पहनना शुरू कर दिया। इसके बाद इसे हर राज्य में एक रस्म बना दिया गया।

वर्ष 1914 में अमेरिका के राष्ट्रपति वुडरो विल्सन ने मातृ दिवस को राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया। यह सिलसिला वर्षों तक चला, लेकिन कुछ समय बाद लोगों ने मातृ भूमिका निभाने वाली दादी और चाची जैसे अन्य लोगों को इस उत्सव शामिल करना शुरू कर दिया, जिन्होंने मातृ भूमिका निभाई। एना जार्विस ने उस छुट्टी को ख़त्म करने की कोशिश की जो उनके कारण से शुरू हुई थी। वह चाहती थी कि यह माताओं के लिए ख़ासकर एक दिन हो हालांकि लोगों ने इसे अन्य लोगों के लिए भी मनाना शुरू कर दिया।

**विभिन्न देशों में मातृ दिवस (Mother's Day in Different Countries)**

मातृ दिवस एक महत्वपूर्ण दिन है जिसे दुनिया भर में मनाया जाता है। यह हमारे जीवन में मां के महत्व को दर्शाता है। प्रत्येक वर्ष यह दुनिया भर में और साल के अलग-अलग समय पर मनाया जाता है। प्रत्येक देश वर्ष के अलग-अलग समय पर मातृ दिवस मनाता है और नीचे दी गई तालिका आपको इस बारे में संक्षिप्त ज़ानकारी दी गयी है कि कौन सा देश वर्ष के किस महीने में मातृ दिवस मनाता है।

## 3. ब्राज़ील के लैंडस्केप गार्डन सिटियो बर्ल मार्क्स को प्राप्त हुआ यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल का दर्ज़ा



ब्राज़ील के शहर रियो द जेनेरो (Rio de Janeiro) में एक लैंडस्केप गार्डन (landscape garden), 'सिटियो बुर्ले मार्क्स (Sitio Burle Marx)' साइट को यूनेस्को (UNESCO) की विश्व धरोहर स्थलों की सूची में शामिल किया गया है। उद्यान में 3,500 से अधिक पौधों की प्रजातियां हैं जो मूलतः रियो की प्रजातियाँ हैं। इसे वनस्पति और परिदृश्य प्रयोग के लिए एक प्रयोगशाला माना जाता है।

इस स्थल/साइट का नाम ब्राजील के लैंडस्केप आर्किटेक्ट 'बुर्ले मार्क्स (Burle Marx)' के नाम पर रखा गया है, जिनके पार्कों और बगीचों के डिज़ाइन ने उन्हें विश्व प्रसिद्ध बना दिया। सन् 1985 तक सिटियो बुर्ले मार्क्स (Sitio Burle Marx) साइट/स्थल उनका घर था।

## 4. ICICI बैंक ने MSMEs के लिए लॉन्च किया 'Open-For-All डिजिटल इकोसिस्टम




आईसीआईसीआई बैंक ने देश में सभी सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSMEs) के लिए भारत का पहला 'ओपन फ़ॉर आल (open-for-all)' व्यापक डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र लॉन्च किया है। इसका उपयोग अन्य बैंकों के ग्राहक भी कर सकते हैं। कोई भी इंस्टाबिज़ (InstaBIZ) ऐप पर डिजिटल समाधान के लाभों का

उपयोग कर सकता है। अन्य बैंकों के MSME ग्राहक ऐप में 'गेस्ट (Guest)' के रूप में लॉग इन करके कई सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। यह 'इंस्टाऑड प्लस (InstaOD Plus)' के माध्यम से 25 लाख रुपये तक की तत्काल और पेपरलेस ओवरड्राफ्ट सुविधा की मंज़ूरी प्रदान करता है। इंस्टाबिज़ ऐप का नवीनतम संस्करण डाउनलोड करके नए डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र का लाभ उठाया जा सकता है। ऐप गूगल प्ले स्टोर, एप्पल ऐप स्टोर और बैंक के कॉर्पोरेट इंटरनेट बैंकिंग (Corporate Internet Banking - CIB) प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। पारिस्थितिकी तंत्र वीडियो केवाईसी के माध्यम से डिजिटल और तत्काल चालू खाता खोलने की सुविधा प्रदान करता है।

## 5. महाराष्ट्र कैबिनेट ने दी 'महाराष्ट्र जीन बैंक परियोजना' को मंज़ूरी दी



महाराष्ट्र मंत्रिमंडल ने 'महाराष्ट्र ज़ीन बैंक परियोजना' को मंज़ूरी दी है। यह भारत में इस तरह की पहली परियोजना है। इसका उद्देश्य राज्य के भीतर जेनेटिक संसाधनों का संरक्षण प्रदान करना है, जिसके अंतर्गत समुद्री जीवों की विविधता, स्थानीय फसलों के बीज़ के प्रकार और पशु विविधता शामिल है। मंत्रिमंडल के अनुसार, सात फोकस क्षेत्रों (निम्नलिखित) पर अगले पांच वर्षों में 172.39 करोड़ रुपये की राशि ख़र्च की जाएगी।

**सात फोकस क्षेत्र क्या हैं (What are the seven focus areas)?**

**'महाराष्ट्र जीन बैंक परियोजना' सात क्षेत्रों/विषयों पर कार्य करेगा:**

1. समुद्री जैव विविधता (Marine biodiversity)
2. स्थानीय फसल/बीज़ की किस्में/प्रकार (Local crop/seed varieties)
3. देशी मवेशियों की नस्लें (Indigenous cattle breeds)
4. पीने योग्य पानी की जैव विविधता (Freshwater biodiversity)
5. चारागाह/घास के मैदान, गुल्म भूमि और पशु चरने योग्य भूमि की जैव विविधता (Grassland, scrubland, and animal grazing land biodiversity)
6. वन अधिकार के अंतर्गत क्षेत्रों के लिए संरक्षण और प्रबंधन योजना (Conservation and management plans for areas under forest right)
7. वन क्षेत्रों का कायाकल्प/पुनर्जीवन (Rejuvenation of forest areas)

यह परियोजना महाराष्ट्र राज्य जैव विविधता बोर्ड (Maharashtra State Biodiversity Board - MSBB) द्वारा कार्यान्वित की जाएगी और मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव (वन) के अधीन समितियों द्वारा इसकी देखरेख की जाएगी। महाराष्ट्र राज्य जैव विविधता बोर्ड, राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान (National Institute of Oceanography - NIO) गोवा जैसे संस्थानों के साथ समन्वय करेगा, ताकि दुर्लभ और लुप्तप्राय समुद्री प्रजातियों के दस्तावेज़ीकरण और संरक्षण हो सके।

**परियोजना के तहत प्रमुख गतिविधियां क्या हैं (What are the major activities under the project)?**

· स्वदेशी नॉलेज रिसोर्स का उपयोग किया जाएगा।

· प्रजातियों और स्थानीय समुदायों के नॉलेज को अच्छी तरह से प्रलेखित/डॉक्यूमेंट किया जाएगा।

· जेनेटिक और मॉलिक्यूलर नमूनों को संरक्षित किया जाएगा और उनके प्रजनकों का समर्थन किया जाएगा।

· सरकार फसल जैव विविधता को संरक्षित करने हेतु जीनोम वाहकों को प्रोत्साहित करेगी जो स्थानीय फसल किस्मों के बीजों का संरक्षण करते हैं और बीज बैंक बनाते हैं।

### 6. यूनियन बैंक बना एकाउंट एग्रीगेटर फ्रेमवर्क पर लाइव होने वाला पहला सार्वजनिक बैंक

यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया, एकाउंट एग्रीगेटर (Account Aggregator - AA) इकोसिस्टम पर लाइव होने वाला पहला सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक बन गया। यह फ़्रेमवर्क/ढाँचा, विनियमित संस्थाओं के बीच वास्तविक समय के आधार पर वित्तीय ज़ानकारी साझा करने की सुविधा प्रदान करता है। वित्तीय सूचना प्रदाताओं (Financial Information Providers - FIPs) और वित्तीय सूचना उपयोगकर्ताओं (Financial Information Users - FIUs) के बीच डेटा के प्रवाह को सक्षम करने के लिए एकाउंट एग्रीगेटर को भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा लाइसेंस प्राप्त है।

अकाउंट एग्रीगेटर इकोसिस्टम ग्राहकों की सहमति से प्राप्त डिजिटल डेटा का लाभ उठाने में ऋणदाताओं की मदद करता है ताकि उन्हें एक सहज व्यवस्था प्रदान की जा सके और भौतिक दस्तावेज़ीकरण की आवश्यकता को समाप्त किया जा सके। वित्तीय सूचना उपयोगकर्ताओं (Financial Information Users - FIUs) ग्राहक द्वारा उनके अकाउंट एग्रीगेटर हैंडल पर दी गई एक साधारण सहमति के आधार पर वित्तीय सूचना उपयोगकर्ताओं (Financial Information Users - FIUs) से डेटा का अनुरोध कर सकता है।

### 7. विश्व टूना दिवस 2022: जाने महत्त्व और इतिहास




प्रत्येक वर्ष 2 मई को विश्व स्तर पर 'विश्व टूना दिवस' मनाया जाता है। इस दिन की स्थापना संयुक्त राष्ट्र (United Nations - UN) द्वारा टूना मछली के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए की जाती है। टूना मनुष्यों के लिए भोजन का एक महत्वपूर्ण स्रोत है क्योंकि टूना मछली में ओमेगा 3, विटामिन बी 12, प्रोटीन और अन्य खनिज़ों जैसे कई समृद्ध गुण होते हैं।

**विश्व टूना दिवस का महत्व (Significance of World Tuna Day):**

टूना मुख्य रूप से दो चीजों के लिए प्राप्त किया जाता है जिन्हें पारंपरिक तौर पर डिब्बाबंद टूना (canned Tuna) और साशिमी / सुशी (Sashimi/Sushi) के रूप में जाना जाता है। विश्व वन्यजीव कोष (World Wildlife Fund - WWF), पर्यावरण समूहों ने अब मत्स्य पालन करने वालों को चेतावनी दी है और टूना अब लुप्तप्राय प्रजातियों के अंतर्गत आता है। इस दिन का उद्देश्य टूना की ओवरफिशिंग की समस्या और पारिस्थितिकी तंत्र और खाद्य श्रृंखला को बनाए रखने के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना है।

**विश्व टूना दिवस का इतिहास (History of World Tune Day):**

वर्ष 2016 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने टूना मछली के संरक्षण के महत्व के बारे में लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए 2 मई को विश्व टूना दिवस के रूप में घोषित किया। पिछले कुछ वर्षों में, ओवरफिशिंग और अवैध फिशिंग के कारण टूना मछली की आबादी में 97 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है। इसलिए टूना को विलुप्त होने से बचाने के लिए संयुक्त राष्ट्र ने एक विशेष दिन की घोषणा की और लोगों से टूना के संरक्षण की अपील की।

### 8. जानें कब मनाया गया विश्व हास्य दिवस 2022, इतिहास और पृष्ठभूमि




प्रत्येक वर्ष मई महीने के पहले रविवार को विश्व हास्य दिवस मनाया जाता है ताकि लोगों को हंसने और अपने आसपास के लोगों को हंसाने की याद दिलाई जा सके। इस वर्ष यह दिवस 1 मई को मनाया गया। यह वैज्ञानिक रूप से देखा गया है कि हंसी मस्तिष्क में कॉर्टिसॉल के स्तर को कम करती है और शरीर पर सकारात्मक प्रभाव डालती है। मूड को बेहतर करने (ऊपर उठाने) या विचार को सही दिशा में ले जाने में हंसी का अत्यधिक महत्व है।

**विश्व हास्य दिवस 2022: इतिहास (WORLD LAUGHTER DAY 2022: HISTORY)**

विश्व हास्य दिवस पहली बार सन् 1998 में मुंबई में मनाया गया था। इसका श्रेय लाफ्टर योग आंदोलन के संस्थापक डॉ. मदन कटारिया को जाता है। इन्होंने इस आंदोलन के माध्यम से हास्य सिद्धांत पर प्रकाश डाला। उनकी परिकल्पना थी कि, चेहरे की हरकतें किसी व्यक्ति की मानसिक स्थिति को दर्शा सकती हैं। इसलिए, आगे चलकर धीरे-धीरे सुबह पार्क और मैदानों में हँसी की गर्जना सुनाई देने लगीं। इस तरह, हंसी योग के आगमन के साथ, विश्व हास्य दिवस का जन्म हुआ।

### 9. विनय मोहन क्वात्रा ने भारत के नए विदेश सचिव के रूप में पदभार ग्रहण किया



विनय मोहन क्वात्रा ने भारत के नए विदेश सचिव के रूप में कार्यभार संभाला। श्री क्वात्रा, 1988 बैच के भारतीय विदेश सेवा (IFS) अधिकारी रह चुके हैं। वे सेवानिवृत्त हुए हर्षवर्धन श्रृंगला की जगह लेंगे। श्री क्वात्रा विदेश सचिव का कार्यभार संभालने से पहले नेपाल में भारत के दूत के रूप में कार्यरत थे।

**विनय मोहन क्वात्रा का अनुभव (Experience of Vinay Mohan Kwatra):**

- श्री क्वात्रा ने बतौर राजनयिक 32 से अधिक वर्षों तक सेवारत रहे हैं। उन्होंने अक्टूबर 2015 और अगस्त 2017 के बीच दो वर्षों के लिए प्रधान मंत्री कार्यालय (PMO) में एक संयुक्त सचिव का पद भी संभाला है।
- श्री क्वात्रा को भारत के पड़ोस के साथ-साथ यू.एस., चीन और यूरोप से निपटने में व्यापक विशेषज्ञता के लिए जाना जाता है। उन्होंने ऐसे समय में विदेश सचिव के रूप में कार्यभार संभाला है जब भारत यूक्रेन संघर्ष, श्रीलंका में गंभीर आर्थिक संकट और अफगानिस्तान की स्थिति और इंडो-पैसिफिक में विकास सहित विभिन्न भू-राजनीतिक विकास से निपट रहा है।

### 10. महाराष्ट्र और गुजरात का स्थापना दिवस 2022




महाराष्ट्र और गुजरात ने 1 मई 2022 को अपना राज्य दिवस मनाया। 1 मई, 1960 को बॉम्बे पुनर्गठन अधिनियम, 1960 द्वारा बॉम्बे के द्विभाषी राज्य को दो

अलग-अलग राज्यों में विभाजित किया गया था। जिसमें मराठी भाषी लोगों के लिए महाराष्ट्र और गुजराती भाषी लोगों के लिए गुजरात राज्य प्राप्त हुआ था। गुजरात को भारतीय संघ के 15वें राज्य के रूप में स्थापित किया गया था।

**महाराष्ट्र (Maharashtra)**

· राजधानी: मुंबई

· लिंग अनुपात: 929 महिला प्रति 1000 पुरुष (राष्ट्रीय: 943)

· साक्षरता: 82.34% (राष्ट्रीय: 74.04%)

· अरब सागर महाराष्ट्र की पश्चिमी सीमा की रक्षा करता है। यह गुजरात और मध्य प्रदेश उत्तर की ओर स्थित हैं। यह छत्तीसगढ़ राज्य की पूर्वी सीमा तक फैला हुआ है। इसके दक्षिणी हिस्से में कर्नाटक और तेलंगाना हैं।

·राज्य को देश के बिजलीघर (powerhouse) के रूप में पहचान मिली है और इसकी राजधानी मुंबई, को भारत के वित्तीय और वाणिज्यिक बाजारों के केंद्र बिंदु के रूप में पहचाना गया है।

· महाराष्ट्र में दो प्रमुख बंदरगाह हैं, मुंबई बंदरगाह और जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह (JNP) दोनों मुंबई हार्बर में स्थित हैं।

· इंडिया स्टेट ऑफ फॉरेस्ट रिपोर्ट (ISFR)-2019 के अनुसार, महाराष्ट्र का वन क्षेत्र राज्य के भौगोलिक क्षेत्र का 16.50% है।

**गुजरात (Gujarat)**

· राजधानी: गांधीनगर

· लिंग अनुपात: 919 महिला प्रति 1000 पुरुष (राष्ट्रीय: 943)

· साक्षरता: 78.03% (राष्ट्रीय: 74.04%)

· राज्य पश्चिम में अरब सागर, उत्तर और उत्तर-पूर्व में क्रमशः पाकिस्तान और राजस्थान, दक्षिण-पूर्व में मध्य प्रदेश और दक्षिण में महाराष्ट्र से घिरा है।

· ग्लोबल वार्मिंग के मुद्दे से निपटने के लिए 'जलवायु परिवर्तन' का एक अलग विभाग शुरू करने वाला गुजरात देश का पहला राज्य है।

· कांडला बंदरगाह 41 छोटे बंदरगाहों के साथ गुजरात का प्रमुख बंदरगाह है।

· गामित, भील, ढोडिया, बावचा और कुनबी राज्य की प्रमुख जनजातियाँ हैं।

· इंडिया स्टेट ऑफ़ फ़ॉरेस्ट रिपोर्ट (ISFR)-2019 के अनुसार, गुजरात में देश में रिकॉर्डेड फ़ॉरेस्ट एरिया/ग्रीन वॉश (RFA/GW) के भीतर आर्द्रभूमि का सबसे बड़ा क्षेत्र है, इसके बाद पश्चिम बंगाल का स्थान आता है।

## ONE LINER

- **राष्ट्रपति:** जेयर बोल्सनारो (Jair Bolsonaro);
- **राजधानी:** ब्रासीलिया (Brasilia);
- **मुद्रा:** ब्राजीलियन रियल (Brazilian real)।
- **आईसीआईसीआई बैंक मुख्यालय:** वडोदरा;
- **आईसीआईसीआई बैंक के एमडी और सीईओ:** संदीप बख्शी;
- **आईसीआईसीआई बैंक के अध्यक्ष:** गिरीश चंद्र चतुर्वेदी;

· **आईसीआईसीआई बैंक टैगलाइन:** हम है ना, ख्याल आपका (Hum Hai Na, Khayal Apka)।

- **महाराष्ट्र राजधानी:** मुंबई;

· **महाराष्ट्र राज्यपाल:** भगत सिंह कोश्यारी;

· **महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री:** उद्धव ठाकरे।

- **यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया मुख्यालय:** मुंबई;

· **यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया के सीईओ:** राजकिरण राय जी.;

· **यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया की स्थापना:** 11 नवंबर, 1919, मुंबई।

## QUIZ

**1. किस देश ने पोलैंड और बुल्गारिया को रूबल में भुगतान करने में विफलता के कारण गैस की आपूर्ति रोक दी?**

a. रूस  b. चीन
c. भारत  d. जापान

**a. रूस**

रूस ने पोलैंड और बुल्गारिया को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बंद कर दी है. रूस ने यह कदम दोनों देशों द्वारा प्राकृतिक गैस के लिए रूबल में भुगतान करने से इनकार करने के बाद उठाया. गैस आपूर्ति रोकने की घोषणा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के उस बयान के बाद की गई जिसमें उन्होंने कहा था कि गैर-मित्र देशों को रूस की मुद्रा रूबल में गैस के लिए भुगतान करना होगा, लेकिन बुल्गारिया और पोलैंड ने ऐसा करने से इनकार कर दिया था.

**2. सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग संगठन नैसकॉम ने किसको 2022-23 के लिये चेयरमैन नियुक्त किया है?**

a. राहुल सचदेवा  b. कृष्णन रामानुजम
c. अनिल अग्निहोत्री  d. पंकज मल्होत्रा

**b. कृष्णन रामानुजम**

सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग संगठन नैसकॉम ने टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के वरिष्ठ कार्यकारी कृष्णन रामानुजम को 2022-23 के लिये चेयरमैन नियुक्त किया है. इससे पहले कृष्णन, संगठन के उपाध्यक्ष थे. वह भारत में एक्सेंचर की वरिष्ठ प्रबंध निदेशक रेखा एम मेनन का स्थान लेंगे. मेनन 2021-22 में नैसकॉम की चेयरपर्सन रही हैं. नैसकॉम ने माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के अध्यक्ष अनंत माहेश्वरी को, 2022-23 के लिए उपाध्यक्ष नियुक्त किया.

**3. प्रत्येक वर्ष किस तारीख को World Day for Safety and Health at Work मनाया जाता है?**

a. 28 अप्रैल  b. 10 जनवरी
c. 12 मार्च  d. 25 मई

**a. 28 अप्रैल**

प्रत्येक वर्ष 28 अप्रैल को World Day for Safety and Health at Work मनाया जाता है. यह दिन कार्यस्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए विश्व स्तर पर व्यावसायिक दुर्घटनाओं और बीमारियों की रोकथाम को बढ़ावा देता है. यह एक जागरूकता बढ़ाने वाला अभियान है. इस दिवस का उद्देश्य समस्या की भयावहता पर अंतरराष्ट्रीय ध्यान केंद्रित करना है और इस बात पर ध्यान देना है कि सुरक्षा और स्वास्थ्य संस्कृति को बढ़ावा देने एवं बनाने से काम से संबंधित मौतों और चोटों की संख्या को कम करने में कैसे मदद मिल सकती है.

**4. भारत और किस देश के बीच अक्षय ऊर्जा के हस्तांतरण के उद्देश्य से एक ट्रांसमिशन इंटरकनेक्शन स्थापित करने पर सहमत हुए हैं?**

a. श्रीलंका  b. मालदीव
c. चीन  d. बांग्लादेश

**b. मालदीव**

भारत और मालदीव दोनों देशों के बीच अक्षय ऊर्जा के हस्तांतरण के उद्देश्य से एक ट्रांसमिशन इंटरकनेक्शन स्थापित करने पर सहमत हुए हैं. इस बैठक के दौरान दो समझौता ज्ञापन (MoU) प्रस्तावित किए गए थे जो वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड (OSOWOG) के तहत ट्रांसमिशन इंटरकनेक्शन और ऊर्जा सहयोग पर थे. मालदीव के ऊर्जा परिवर्तन कार्यक्रम को सुविधाजनक बनाने के लिए अक्षय ऊर्जा हस्तांतरण के उद्देश्य से एक ट्रांसमिशन इंटरकनेक्शन का प्रस्ताव किया गया है.

**5. फॉर्मूला वन चैंपियन मैक्स वर्स्टापेन ने किस देश में एमिलिया-रोमाग्ना ग्रांड प्रिक्स ख़िताब जीता है?**

a. इटली  b. चीन
c. रूस  d. बांग्लादेश

**a. इटली**

The ACHIEVERS IAS ACADEMY

फॉर्मूला वन चैंपियन मैक्स वर्स्टापेन (रेड बुल-नीदरलैंड्स) ने इटली में एमिलिया-रोमाग्ना ग्रांड प्रिक्स ख़िताब जीता है. यह सऊदी अरब के बाद इस सीज़न में वेरस्टैपेन की दूसरी जीत थी, जिसमें दो रिटायरमेंट और उनके करियर की 22वीं जीत भी शामिल है. सर्जियो पेरेज़ (रेड बुल-मेक्सिको) दूसरे और लैंडो नॉरिस (मैकलारेन-यूके) तीसरे स्थान पर रहे.

**6. किस देश के आंद्रे रूबलेफ ने सर्बिया ओपन टेनिस प्रतियोगिता का सिंगल्स खिताब जीत लिया है?**

a. पाकिस्तान b. रूस
c. फ्रांस d. चीन

**b. रूस**

रूस के आंद्रे रूबलेफ ने सर्बिया ओपन टेनिस प्रतियोगिता का सिंगल्स खिताब जीत लिया है. उन्होंने बेलग्रेद में सर्बिया के नोवाक जोकोविच को 6-2, 6-7, 6-0 से हराया. रूबलेफ के लिए यह इस सीजन का तीसरा खिताब है. इससे पहले उन्होंने मार्सेली और दुबई टेनिस टूर्नामेंट जीता था. रूबलेफ ने 2022 में सर्वाधिक खिताब जीतने की राफेल नाडाल के रिकॉर्ड के बराबरी कर ली है.

**7. विश्व मलेरिया दिवस 2022 (World Malaria Day 2022) की थीम क्या है?**

a. Harness innovation to reduce the malaria disease burden and save lives
b. Zero Malaria - Draw the Line Against Malaria
c. Zero malaria starts with me
d. End Malaria for Good

**a. Harness innovation to reduce the malaria disease burden and save lives**

विश्व मलेरिया दिवस 2022 की थीम मलेरिया रोग के बोझ को कम करने और जीवन बचाने के लिए नवाचार का उपयोग करें (Harness innovation to reduce the malaria disease burden and save lives) है. इस साल का विश्व मलेरिया दिवस वैश्विक उन्मूलन लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले नवाचारों की तरफ ध्यान आकर्षित करेगा. मलेरिया एक जानलेवा बीमारी है. यह बीमारी संक्रमित मच्छरों के काटने से होती है. मादा एनोफिलीज मच्छर अपनी लार के माध्यम से प्लास्मोडियम परजीवी फैलाती हैं, जो मलेरिया का मुख्य कारण बनता है.

**8. किस देश ने रूस और सीरिया के बीच रूसी नागरिक और सैन्य उड़ानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया?**

a. चीन b. तुर्की
c. जापान d. रूस

**b. तुर्की**

तुर्की ने सीरिया जाने वाले रूसी सैन्य और नागरिक विमानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया है. विदेश मंत्री मेवलुत कावुसोग्लू ने यह जानकारी देते हुए कहा कि रूस को उड़ान की अनुमति अप्रैल में समाप्त हो गई है. गौरतलब है कि तुर्की उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) का सदस्य है और रूस तथा यूक्रेन के साथ अपने निकट संबंधों के बीच संतुलन बैठाने की कोशिश कर रहा है. तुर्की रूस के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों में शामिल नहीं हुआ है, लेकिन उसने कुछ रूसी युद्धपोतों के लिए काले सागर में प्रवेश के मार्ग को बंद कर दिया था.